XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

प्रकरण क्रमांक रिव्यू 1721–दो/14 जिला – गुना

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
1-10-14	प्रकरण का अवलोकन किया । यह पुनरावलोकन आवेदन इस न्यायालय द्वारा प्र0क0 1103–दो/04 में पारित आदेश दिनांक 6–5–14 के विरूद्ध म0प्र0 भू–राजस्व संहिता, 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 51 के तहत प्रस्तुत किया गया है । आलोच्य आदेश द्वारा आवेदक की निगरानी अवधि बाह्य होने से अग्राह्य की गई है । 2– आवेदक की ओर से विद्वान अधिवक्ता द्वारा मुख्य रूप से यह तर्क दिया गया कि कलेक्टर द्वारा आदेश पारित करने की कोई तिथि नियत नहीं की गई थी और ना ही आलोच्य आदेश की कोई सूचना आवेदकों को दी गई । इस कारण जानकारी दिनांक से आवेदकों द्वारा जो निगरानी पेश की गई थी वह समयसीमा में थी, जिसे इस न्यायालय द्वारा अवधि बाह्य मानकर निरस्त करने में विधिक त्रुटि की गई है । उनके द्वारा यह निवेदन किया गया कि प्रश्नाधीन भूमि उन्होंने पंजीकृत विक्रय पत्र से क्रय की है अतः तकनीकि आधार पर उन्हे न्याय से वंचित करना न्यायसंगत नहीं है । अपने तर्कों के समर्थन में उनके द्वारा जिलाध्यक्ष न्यायालय की आदेश पत्रिकाओं की प्रतियां पेश की गई है । अंत में उनके द्वारा पुनरावलोकन आवेदन स्वीकार किये जाने का अनुरोध किया । 3– आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के तर्कों पर विचार किया गया । प्रकरण का तथा आलोच्य आदेश का अवलोकन किया । आलोच्य आदेश द्वारा आवेदक द्वारा प्रस्तुत निगरानी को समयावधि बाह्य मानकर अग्राह्य किया गया है । निगरानी प्रस्तुत करने में हुए विलंब के संबंध में जो कारण आवेदक अधिवक्ता द्वारा दिए गए हैं, उनकी पुष्टि कलेक्टर न्यायालय की आदेश पत्रिकाओं से होती है ऐसी स्थिति में इस प्रकरण में पुनरावलोकन हेतु पर्याप्त आधार है । अतः इस न्यायालय द्वारा पारित आलोच्य आदेश दिनांक 6–5–14 निरस्त किया जाकर मूल प्रकरण निगरानी 1103–दो/04 पुनः गुणदोष पर सुनवाई हेतु वापस लिए जाने के आदेश दिए जाते हैं । आवेदक सूचित हो । प्रकरण दाखिल रिकार्ड हो । (हस्ताक्षर) सदस्य	



न्यायालय :— माननीय राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर

प्र.क.   /2014 रिव्यू.

श्री एस.बी. धाकड़ एड. द्वारा दिनांक 5/6/14 को प्रस्तुत।
5-6-14
ASO

1. राजेश सिंह धाकड़ पुत्र सागारसिंह धाकड़ निवासी ग्राम हुसैनपुर तहसील आरौन जिला गुना म.प्र.
2. बलराम सिंह पुत्र उमराव सिंह धाकड़ निवासी ग्राम बिल्लीखेंडा तह. व जिला गुना म.प्र.
3. रघुवीर सिंह पुत्र बलवंत सिंह धाकड़ निवासी दुर्गा कॉलोनी गुना म.प्र.

———

आवेदकगण

बनाम

5.6.14

1. मोहरबाई पत्नी देवीलाल ओझा निवासी ग्राम आरौन तह. आरौन जिला गुना म. प्र.
2. सम्पत बाई बेवा हल्कैया बाढ़ई निवासी ग्राम डुगरावनी तह. लटेरी जिला विदिशा म.प्र.

—— अनावेदकगण